हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

ग्यारहवां सत्र

लिखित उत्तर हेतु स्थगित प्रश्न

शुक्रवार, 20 मार्च, 2026/29, फाल्गुन, 1947 (शक्)

[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री].

कुल प्रश्न - 2

सेवा विस्तार

927 **डॉ0 जनक राज (भरमौर) :**
श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी) :
श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर) :
श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला) :

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान सरकार के गठन उपरान्त दिनांक 31.07.2024 तक सरकार द्वारा कितने अधिकारियों/कर्मचारियों को सेवा विस्तार दिया गया; विभागवार व पदनाम सहित इनके वेतन/भत्तों तथा अन्य सभी व्यय का ब्यौरा दें; सरकार कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने का विचार रखती है;

(ख) दिनांक 01.01.2023 से 31.07.2024 तक वित्त विभाग के पास किस-किस विभाग, बोर्ड एवं निगम से सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों को सेवा विस्तार अथवा पुनर्नियुक्ति देने बारे कितने मामले प्राप्त हुए तथा इनमें से कितने मामलों में स्वीकृति प्रदान की गई; कितने मामलों को अस्वीकार किया गया; कारण सहित ब्यौरा दें तथा वर्तमान में कितने

मामले कब से लंबित हैं;

(ग) वित्त विभाग किस नीति के अन्तर्गत इनको सेवा विस्तार व पुनर्नियुक्ति के मामलों में स्वीकृति दे रहा है या मामलों को अस्वीकार कर रहा है; ब्यौरा दें;

(घ) सरकार में कितने ओ0एस0डी0 को कैबिनेट स्तर का दर्ज़ा प्राप्त है;

(ङ) इन पर व्यय की जाने वाली धनराशि का ब्यौरा नाम, पद तथा कार्यालयवार दें; और

(च) इनकी सेवाओं से सरकार को क्या-क्या लाभ हुए हैं; ब्यौरा दें?

पंजीकृत बेरोजगार

1351 **श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में पंजीकृत तथा अपंजीकृत बेरोज़गार युवाओं की संख्या कितनी है तथा गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2025 तक प्रदेश में सरकारी व निजी क्षेत्र में कितने नए रोजगार सृजित हुए; ब्यौरा दें?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**

13 मार्च, 2026 . **सचिव**